# विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0

## सरस्वतीकुंज, निरालानगर, लखनऊ

1 **क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग–** विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र की शिशुवाटिका का वर्ग दिनांक– 20–05–2016 से 30–05–16 की सायं तक सम्पन्न हुआ।
**स्थान**–सरस्वती शिशु वाटिका विवेकानन्द नगर, सुलतानपुर।
• **प्रतिभागी संख्या**– कुल 160 रही जिसमें 149 आचार्या बहिनें एवं 11 पुरूष आचार्य प्रतिभाग किये।
• **वर्ग की विशेषता–** कलश की स्थापना की गई थी तथा पूरे 10दिन अखण्ड ज्योति जलती रही एवं नित्य हवन पूजन भी हुआ।
• **वर्ग नीति–**

- सेवा कार्य।
- स्वावलम्बन।
- मितव्ययिता।
- प्लास्टिक का प्रयोग वर्जित।
- स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग।
- आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा का प्रयोग।
- वन्दना सत्र में प्रान्तीय वेश धारण करना।
- शाखा सत्र में सलवार सूट शाखा वेश।
- समय पालन।

शिशु वाटिका वर्ग में हस्त कौशल सें निर्मित विभिन्न वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। नगर के लोगों ने इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की। सभी प्रशिक्षार्थी एवं प्रशिक्षकों द्वारा अखण्ड भारत का मानचित्र बनाकर उसमें दीप जलाया गया। प्रतिदिन समाज से एक परिवार हवन में सहभाग किये। प्रत्येक संकुल में शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने की योजना है।

**विशेष**– क्षेत्रीय शिशु वाटिका वर्ग में व्यवस्था एवं प्रशिक्षण, शिशुवाटिका क्षेत्र परिषद एवं स्थानीय शिशु वाटिका के आचार्या दीदीयों द्वारा किया गया। इस वर्ग में मा.सुभाष साहू जी अखिल भारतीय शिशुवाटिका टोली प्रमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

2. **क्षेत्रीय आँकलनकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला–**

विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 द्वारा अपने विद्यालयों के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए शान्ति लाल मुत्था फाउण्डेशन पुणे महाराष्ट्र के सहयोग से 8 दिवसीय आँकलनकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती कुंज, निराला नगर लखनऊ में सम्पन्न हुआ।

दिनांक 21 अगस्त 2016 की सायंकाल से 25 अगस्त 2016 की सायंकाल तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्या भारती के 25 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शान्ति लाल मुत्था फाउण्डेशन के 5 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

निरन्तर 5 दिनों तक कक्षा कक्ष में शिक्षा, शिक्षण, स्कूली कार्य पद्वति, प्रक्रिया ढाँचा आदि के आँकलन हेतु सक्षम आँकलनकर्ता तैयार करने के लिए विभिन्न प्रयोगों, विचार–विमर्श, अभ्यास आदि के कार्यक्रम लिए गये, जिससे कार्यकर्ताओं में ज्ञान, कुशलता एवं आँकलनकर्ता की दृष्टि का विकास हुआ। अन्तिम 3 दिनों में लखनऊ महानगर के 4 विद्यालयों में शान्ति लाल मुत्था फाउण्डेशन के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यालय आँकलन का प्रत्यक्ष कार्य किया गया और उसकी आख्या तैयार की गयी। कार्यक्रम में विद्या भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री माननीय यतीन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन के साथ ही क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय डोमेश्वर जी के दिशा निर्देश में प्रशिक्षणोपरान्त सितम्बर व अक्टूबर मास के प्रथम सप्ताह में 21 विद्यालयों के आँकलन की योजना बनाकर कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन प्रारम्भ किया गया है।

- **क्षेत्रीय ग्रीष्मकालीन सेवा प्रशिक्षण वर्ग**– विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र के तीन प्रान्तों में सेवा क्षेत्र के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ।

**• गोरक्ष प्रान्त–**

दिनांक – 25 मई से 31 मई 2016
स्थान – मुन्नी देवी सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज, मऊ
प्रशिक्षण टोली संख्या – आचार्य 4, आचार्या 1, कुल संख्या 5
प्रतिभागी संख्या – आचार्य 64, आचार्या 13, कुल संख्या 77
व्यवस्था में लगे – 10 बन्धु

**• काशी प्रान्त–**

दिनांक – 23 मई से 30 मई 2016
स्थान – रानी रेवती देवी सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज, राजापुर, प्रयाग।
प्रशिक्षण टोली संख्या – आचार्य 4, आचार्या 1, कुल संख्या 5
प्रतिभागी संख्या – आचार्य 28, आचार्या 5, कुल संख्या 33
व्यवस्था में लगे – 10 बन्धु

**•कानपुर प्रान्त–**

दिनांक – 13 जून से 20 जून 2016
स्थान – सरस्वती विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मौदहा, हमीरपुर।
प्रशिक्षण टोली संख्या – आचार्य 4, आचार्या 1, कुल संख्या 5
प्रतिभागी संख्या – आचार्य 40, आचार्या 2, कुल संख्या 42
व्यवस्था में लगे – 10 बन्धु

## <u>गोरक्ष प्रान्त</u>

**शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रान्त–**

**10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग–**

दिनांक – 20 मई से 29 मई 2016 तक
स्थान – सरस्वती शिशु मन्दिर परिसर, पक्कीबाग, गोरखपुर।
कुल प्रतिभागी संख्या – 43 (40 पुरूष आचार्य एवं 3 महिला आचार्या)
प्रशिक्षक – 07

वर्ग में पंचपदीय पद्धति के अनुसार पाठ योजना बनवाना एवं शिक्षण कार्य प्रत्येक प्रशिक्षार्थियों ने आधार पर कक्षा का शिक्षण किया। स्वरचित कविता, कहानी प्रेरणादायी चुटकुलों द्वारा प्रशिक्षार्थियों ने पत्रिका का निर्माण किया

इस वर्ग में वर्तनी उच्चारण, सुलेख, विषय मूल्यांकन एवं प्रश्नपत्र निर्माण, कक्षा प्रबन्ध, शिष्टाचार, प्रश्नोत्तर कौशल, श्यामपट्ट लेखन आदि विषयों का विस्तार से अभ्यास कराया गया।

## काशी प्रान्त

- आचार्य विकास वर्ग 2016–

**भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उ0प्र0–**

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक** | – | 14 मई की सायं 5 बजे से 21 मई 2016 की अपराह्न भोजन तक आयोजित। |
| **स्थान** | – | ज्वाला देवी परिसर, सिविल लाइन्स इलाहाबाद |

**प्रतिभागी संख्या–**

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दी | – | 31 |
| आंग्ल भाषा | – | 27 |
| संस्कृत | – | 46 |
| सामाजिक विज्ञान | – | 25 |
| **कुल** | – | **129** (111 पुरुष आचार्य एवं 18 महिला आचार्या) |

श्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, इलाहाबाद मण्डल, श्री दिव्यकान्त शुक्ल, प्राचार्य, जिला प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0 इलाहाबाद, श्री आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचार्य सी.एम.पी. महाविद्यालय, उपाध्यक्ष, संस्कृत भारती, श्रीमती सुनीता मिश्रा , राज्य प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0 इलाहाबाद, श्री विजय कुलकर्णी, सह सचिव विद्या भारती संस्कृत शिक्षा संस्थान कुरूक्षेत्र का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश –**

- **ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण वर्ग–**

| | | |
|---|---|---|
| प्रशिक्षण का प्रकार | – | नवचयनित, प्रथम सहायक, स्थायित्व वर्ग |
| दिनांक | – | 13 मई से 23 मई 2016 तक। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) नवचयनित संख्या | – | 73, | 32 महिला, | 41 पुरूष |
| (ख) प्रथम सहायक | – | 27, | 00 महिला | 27 पुरूष |
| (ग) स्थायित्व वर्ग | – | 42 | 01 महिला | 41 पुरूष |
| **योग** | | **142** | **33 महिला** | **109 पुरूष** |

वर्ग में मा0 शशिकान्त फड़के जी (सहसंयोजक ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा वि0भा0) एवं मा0 के.स्थाणुमूर्ति जी ( संयोजक योग शिक्षा विद्या भारती अखिल भा0) का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

### वर्ग की विशेषता–

प्रतिदिन एक सत्र सामूहिक के अतिरिक्त सभी सत्र क्रियात्मक एवं चर्चात्मक थे। प्रशिक्षार्थियों ने पाठ योजना, सहायक, बजट, समय–सारिणी एवं हस्त लिखित पत्रिका का निर्माण किया गया।

## अवध प्रान्त

1. **जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश–**

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | – | 22 मई से 30 मई 2016 |
| स्थान | – | श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मन्दिर अल्लीपुर हरदोई। |
| प्रतिभागी संख्या | – | 142 आचार्य, 47 आचार्या, कुल संख्या 189 |

## कानपुर प्रान्त

1. **भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त–**
**त्रिभाषा प्रशिक्षण वर्ग–**

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | – | 21 मई से 30 मई 2016 |
| स्थान | – | सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर दतियाद्वार, झाँसी |
| प्रतिभागी संख्या | – | 103 (87 पुरूष आचार्य एवं 16 महिला आचार्या) |

इस वर्ग में तीनों भाषाओं (हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी) के तज्ञ महानुभावों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

2. **जन शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त–**
**प्रान्तीय त्रिभाषा प्रशिक्षण वर्ग–**

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | – | 21 मई से 30 मई 2016 |
| स्थान | – | सरस्वती शिशु मन्दिर शिवरामपुर चित्रकूट। |
| प्रतिभागी संख्या | – | 48 आचार्य |

प्रशिक्षण वर्ग का उद्‌घाटन मा0 कुलपति, ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के कर कमलो द्वारा सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 योगेश चन्द्र दूबे मा0 कुलपति जगदगुरू रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट ने किया।